घटना

ढीमरखेड़ा वनपरिक्षेत्र में मृत हालत में मिला तेंदुआ, पोस्टमार्टम से होगा मौत के कारणों का खुलासा

# करंट से तेंदुए की मौत की आशंका



**नवभारत, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भमका और परसेल के बीच उस समय सनसनी फैल गई, जब गिरुहा नाला के पास एक तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद तत्काल वन विकास निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई। प्रारंभिक जांच और ग्रामीणों के बयानों के अनुसार जहां पर तेंदुए का शव मिला है, उसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है। बताया जा रहा है कि यह लाइन पास के ही एक पेड़ की शाखाओं से टकरा रही थी। पेड़ के तने पर आग लगने के स्पष्ट निशान पाए गए हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि पेड़ में करंट उतरने के कारण तेंदुआ उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसी भी प्रकार के मानवीय हस्तक्षेप या शिकार की संभावना को खारिज करने के लिए मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं और तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वन विकास निगम की डिप्टी डीएम अमृता रावत ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा। जांच में विद्युत लाइन के रखरखाव को लेकर लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित विभाग के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर जंगलों के बीच से गुजरने वाली असुरक्षित हाईटेंशन लाइनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ों से छूती हुई इन लाइनों की शिकायत पहले भी की जाती रही है, लेकिन समय रहते समाधान न होने के कारण बेजुबान वन्यजीवों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

## उर्वरक के लिए टोकन ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**नवभारत, कटनी।** जिले के किसानों के लिए खरीफ फसल वर्ष 2026-27 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए उर्वरकों की उपलब्धता करने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब किसान ई-विकास पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही उर्वरक के लिए ऑनलाइन टोकन बुक कर सकेंगे। यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जिससे किसानों को लंबी कतारों और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। इस व्यवस्था के तहत किसानों के लिए एग्री स्टैक पर फार्मर आईडी होना अनिवार्य किया गया है। बिना फार्मर आईडी के टोकन बुकिंग संभव नहीं होगी। प्रशासन द्वारा विभिन्न श्रेणी के किसानों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। बटाईदार, सिकमी किसान भूमि स्वामी की अनुमति से टोकन बुक कर सकेंगे। उर्वरक प्राप्त करने से पूर्व संबंधित एसडीओ से सत्यापन कराना होगा।



## शिकायत करने पर दो युवकों ने किया चाकू से हमला

**बस स्टैंड पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई वारदात, आरोपी फरार**

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाने की बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के में रविवार देर रात एक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर दिया गया। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। हमले का कारण जनसुनवाई में शिकायत करना बताया जा रहा है। जिनके खिलाफ शिकायत की गई थी, उसी पक्ष के लोगों ने चाकू से हमला किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नदी पार निवासी रमेश अहिरवार रविवार रात जब खेर माता मंदिर में दर्शन करने गए थे, तभी मोहल्ले के ओम कचेर और सोजल अहिरवार ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने रमेश की जांघ पर चाकू से हमला कर दिया और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। हमले के बाद घायल रमेश ऑटो से बस स्टैंड चौकी पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनकी जांघ में चाकू फंसा हुआ था, जिसे उन्होंने पुलिसकर्मियों के सामने निकालकर टेबल पर रखा। पुलिस ने तत्काल पीड़ित को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बस स्टैंड चौकी प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## एक नजर में

### ऑडिटोरियम में आज आयोजित होगा कार्यक्रम

**नवभारत, कटनी।** भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की जंयती के अवसर पर मंगलवार 14 अप्रैल को नगर निगम आडिटोरियम हॉल, बस स्टैंड कटनी में शाम 4 बजे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर को नोडल अधिकारी और जिला संयोजक अनुसूचित जाति, जनजातीय कार्य विभाग विमल चौरसिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है जो नोडल, सहायक नोडल अधिकारियों से समन्वय कर कार्यक्रम के सफल बनाएंगे। आदेश के अनुसार एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और तहसीलदार साक्षी शुक्ला कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी होंगे और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी दायित्व का निर्वहन करेंगे। जबकि नगर निगम उपायुक्त शैलेष गुप्ता साफ-सफाई, मंच, टेंट, साउंड और पेयजल व्यवस्था और बैठक व्यवस्था बनवाएंगे। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राज सिंह ठाकुर कार्यक्रम स्थल पर आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था और एमएमयू उपलब्ध करवाएंगे। जबकि मप्र पूक्षेविविकलि के कार्यपालन यंत्री महेश महोबे कार्यक्रम स्थल में विद्युत व्यवस्था करेंगे। वहीं जिला आपूर्ति अधिकारी एसएस परिहार को अतिथियों के लिए स्वल्पाहार, चाय, पेयजल और जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरि, जिला संयोजक विमल कुमार चौरसिया को कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण की जिम्मेदारी दी गई है।

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी के बायपास स्थित नंदू साहू के निवास में सोमवार को संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। ग्राम के प्रमुख देवी देवताओं के पूजन के साथ कलश यात्रा के बाद कथा की शुरुआत की गई। सभी ग्रामवासियों ने बड़े हर्ष के साथ बैंड बाजे की धुन में कथा व्यास डॉ रजनीश शास्त्री महाराज की अगवानी की। कथा व्यास जी ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है।


## एवीएस फैक्ट्री में ऊंचाई से गिरकर इलेक्ट्रिशयन की मौत

**परिजनों ने लगाया जानकारी छिपाने का आरोप, जांच शुरू**

**नवभारत, कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत निवार क्षेत्र स्थित एवीएस फैक्ट्री में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। फैक्ट्री में कार्यरत एक इलेक्ट्रीशियन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही और घटना की जानकारी छिपाने के गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, हरदुआ स्टेशन के पास रहने वाले उदय शंकर मौर्य (46) एवीएस फैक्ट्री में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत थे, रविवार दोपहर फैक्ट्री में लगभग 30 फीट की ऊंचाई पर केबल बांधने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे नीचे गिर पड़े। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि प्रबंधन ने मामले को दबाने की का प्रयास किया है। फैक्ट्री के सुपरवाइजर प्रमोद पटेल और कुछ अन्य कर्मचारी घायल उदय शंकर को पहले शहर के दो अलग-अलग निजी अस्पतालों में लेकर गए। परिजनों का दावा है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि पुलिस या परिवार को इसकी जानकारी नहीं मिल सके। निजी अस्पतालों में हालत गंभीर होने पर उदय शंकर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पहुंचते ही इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने ही मृतक के भतीजे अंकित मौर्य जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनकी फैक्ट्री कर्मचारियों से जमकर बहस हुई। परिजनों ने सवाल उठाया कि हादसे के तत्काल बाद उन्हें सूचित क्यों नहीं किया गया और मौत के बाद ही जानकारी क्यों दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की अनदेखी के पहलुओं पर भी जांच की जा रही है। जांच मिले तथ्यों और अन्य कर्मचारियों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल जांच जारी है।

## ई-विकास प्रणाली से ही कराएं खाद का वितरण, निलंबित करें लायसेंस

**कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में सरकारी कार्यों की समीक्षा**



**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 अप्रैल से लागू ई-विकास वितरण प्रणाली के तहत ही खाद का वितरण किया जाय। इसका उल्लंघन करने वाले निजी उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित करें। साथ ही यह भी तय किया जाए कि लाइसेंस निलंबन की अवधि में विक्रय संस्थान द्वारा स्टॉक का विक्रय नहीं हो।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिए हैं। उन्होंने कहा कि ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत आने वाली समस्याओं को सहकारी बैंक, मार्कफेड और कृषि विभाग आपसी समन्वय से निराकृत करें। कलेक्टर ने 15 अप्रैल से शुरू होने वाले गेहूं खरीदी के मद्देनजर अधिकारियों को खरीदी केन्द्रो में समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को खरीदी केन्द्रों की सूची अपने पास रखने के लिए निर्देशित किया कलेक्टर ने जनगणना 2027 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी तहसीलदार, एसडीएम को निर्देशित किया कि कर्मचारियों के बैच बनाकर ट्रेनिंग दिलाने का कार्य गंभीरता से करें। जनगणना के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य 1 मई, स्व-गणना का कार्य 16 से 30 अप्रैल की अवधि में संपादित किया जाएगा। कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा और बड़वारा को गति लाने के निर्देश दिए। एचपीव्ही टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीकाकरण कार्य में गति लाकर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने सीएमएचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने खनिज विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार शिक्षा विभाग के अंतर्गत नए प्रवेश और अतिथि शिक्षकों के भुगतान से जुड़ी शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी विभाग की प्रदेश स्तर पर खराब रैंकिंग पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिकायतों का निराकरण कर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनूसूचित जाति, कृषि, जल संसाधन, साइंस एण्ड टेक, पंचायत ग्रामीण विकास, श्रम, सहकारिता सहित अन्य विभागों की समीक्षा की है।

## बगैर अनुमति बोरिंग करने पर ट्रक सहित मशीन जब्त

**बरही थाना क्षेत्र के कुठिया महगवां में की गई कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** बरही थाना अंतर्गत नलकूप खनन करने पर पुलिस ने बोरिंग मशीन जब्त की है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम कुठियामहगांव में बिना अनुमति के रोटरी बोर मशीन द्वारा नलकूप खनन किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम को को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि एक ट्रक में रोटरी बोर मशीन लगाकर नलकूप खनन किया जा रहा था। मशीन को विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी शिवकुमार पिता गोविंद प्रसाद पटेल आपरेट कर रहा था। वाहन चालक से बोरिंग की अनुमति संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन उसके द्वारा कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं की गई। जिला दंडाधिकारी के आदेश अनुसार जिले में लागू प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर ट्रक को जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। पुलिस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद कुमार चौबे, एएसआई दिनेश सिंह बघेल सहित अन्य पुलिस स्टाफ की भूमिका रही। क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## परिजनों ने कहा, हमारी सहमति से मदरसे में पढ़ने जा रहे थे बच्चे

**नवभारत, कटनी।** मानव तस्करी के संदेह में कटनी रेलवे स्टेशन पर पटना-पुणे एक्सप्रेस से उतारे गए 165 मुस्लिम लड़कों और आठ के खिलाफ मानव तस्करी के तहत एफआईआर दर्ज करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर बच्चों के परिजन होने का दावा कर कुछ लोगों ने कहा है कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई गलत है, उनके बच्चे मदरसे में पढ़ने जा रहे थे और उन्हें काजी लेकर जा रहे थे। मदरसे में पढ़ने के लिए भेजने में परिजनों की सहमति भी है। वहीं ट्रेन से उतारे गए बच्चों जबलपुर के बाल गृहों में काउंसलिंग की जा रही है। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। वहीं, अधिकारियों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन से बच्चों का वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि कटनी रेलवे स्टेशन पर 11 अप्रैल 2026 देर रात पटना-पुणे एक्सप्रेस से 165 मुस्लिम बच्चों को रेस्क्यू किया गया था। इन्हें संदिग्ध हालात में बिहार से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था। रेस्क्यू किए गए 165 में से 84 बच्चों को रात में ही दो बसों से जबलपुर के बाल गृह भेज दिया गया जबकि 81 बच्चों को कटनी बाल गृह में रखा गया है। वहीं, सद्दाम हुसैन, अमानुल्लाह, मोहम्मद जाहिर, आमिर खान, हाफिज अब्बू, मोहम्मद इस्लाम, नौशाद और राशिद के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अररिया निवासी मोहम्मद शौकत का भतीजा भी रेस्क्यू किए गए बच्चों में शामिल है। शौकत ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जीआरपी की कार्रवाई को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि हमने अपने भतीजे को महाराष्ट्र के अशरफी मदरसे में काजी सद्दाम के साथ पढ़ने के लिए भेजा था। उन्होंने पुलिस से भतीजे को छोड़ देने की अपील की है।





